# फॉक्सकॉन 1.6 अरब डॉलर लगाएगी

- आईफोन निर्माता कंपनी देश में विस्तार करेगी
- इसी साल किया था दो प्लांट लगाने का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। एप्पल आईफोन बनाने वाली ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन भारत में विस्तार योजना के तहत 1.6 अरब डॉलर निवेश करने जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने ताइवान में एक्सचेंज फाइलिंग के तहत यह जानकारी साझा की है।

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने हालांकि इस निवेश का विस्तृत विवरण अभी नहीं दिया है। लेकिनयह निवेश निर्माण परियोजनाओं और परिचालन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए होगा। फॉक्सकॉन को हॉन हाई प्रीसिजन इंडस्ट्री कंपनी के नाम से भी जाना जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक हॉन हाई और दूसरी ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां चीन और अमेरिका के बीच जारी तनाव के चलते चीन के बाहर निवेश बढ़ाना चाहती हैं और फॉक्सकॉन के भारत में निवेश के इस फैसले को इसी कड़ी के साथ देखा जा रहा है।

हालांकि, कंपनी ने फिलहाल यह बताने से इंकार कर दिया है कि इस निवेश के जरिए कंपनी नया प्लांट लगाएगी या फिर पुराने प्लांट में ही निवेश करेगी। इससे पहले इसी साल अगस्त में कर्नाटक सरकार ने घोषणा की थी कि फॉक्सकॉन ने दो कंपोनेंट कारखानों पर 60 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। इसमें एक प्लांट शामिल है, जो आईफोन के लिए पुर्जे बनाएगा।